महिला एवं बाल विकास विभाग
आंगनबाड़ी केन्द्र एवं कार्यकर्ता का पर्यवेक्षण

इस चेकलिस्ट का उपयोग स्वयं को याद दिलाने के लिए करिये कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर्यवेक्षण के समय किस बात पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। एक सामान्य भेंट के दौरान इस प्रपत्र के सभी खण्डों का उपयोग करें।
*संक्षिप्त भेंट के दौरान (*) निशान लगे हुए प्रश्नों पर ही ध्यान दें।*
*पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस पर खण्ड 2,3,4 और 5 के साथ (*)निशान वाले सभी प्रश्नों पर ध्यान दें।*

भाग 1.सामान्य जानकारी *

सेक्टर	पर्यवेक्षक
आंगनबाड़ी केन्द्र	आंगनबाड़ी कार्यकर्ता
भेंट का दिनांक :	पूर्व नियोजित भेंट / अनियोजित भेंट
केन्द्र पर पहुँचने का समय	केन्द्र से रवाना होने का समय
क्या केन्द्र खुला है? हां / नहीं	क्या कार्यकर्ता उपस्थित है? हां / नहीं
	क्या सहायिका उपस्थित है? हां / नही
क्या आज निर्धारित पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस है? हां / नहीं	
क्या ए.एन.एम. उपस्थित है? हां / नहीं	क्या मितानिन उपस्थित है? हां / नहीं

भाग 1,2,3,4 एवं 5 का उपयोग पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस अवलोकन हेतु करें। यदि आज पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस नहीं है तो सीधे भाग 6 में जायें।

भाग 2 पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस का अवलोकन –

निम्न लिखित में से कौन सी गतिविधियां संचालित हो रही हैं?	
सूखा राशन वितरण हो रहा है	हां / नहीं
गरम खाने का वितरण हो रहा है	हां / नहीं
टीकाकरण हो रहा है	हां / नहीं
गर्भवती की जांच हो रही है	हां / नहीं
बच्चों का वजन हो रहा है	हां / नहीं
गर्भवती महिलाओं का वजन लिया जा रहा है	हां / नहीं
पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है	हां / नहीं
क्या सभी गतिविधियां व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही है? यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जो हितग्राही आ रहा है उसे वांछित सेवाएं मिल रही हैं?	हां / नहीं
क्या वहां पर पर्याप्त संख्या में स्थानीय लोग हैं जो आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम को सेवाएं प्रदान करने में सहायता कर रहे हैं?	हां / नहीं

भाग 3 पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस पर उपस्थिति

	पंजीकृत	वास्तव में उपस्थित हुए
6 माह से 3 वर्ष के बच्चे		
गर्भवती महिलाएं		

पोषक महिलाएं		
किशोरी बालिकाएं		

भाग 4 सूखा राशन वितरण का अवलोकन

क्या सभी हितग्राहियों के लिए निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण हो रहा है?	हां / नहीं
क्या सूखा राशन वितरण सामग्री की गुणवत्ता स्वीकार्य है?	हां / नहीं

भाग 5 टीकाकरण सत्र का अवलोकन

क्या ए.एन.एम. के पास निम्नानुसार टीके हैं?			
बी.सी.जी.	हां / नहीं		
डी.पी.टी.	हां / नहीं		
खसरा	हां / नहीं		
विटामिन ए	हां / नहीं		
टी. टी.	हां / नहीं		
क्या जिन बच्चों को टीके लगने हैं एवं जिन माताओं की जांच होनी है उनकी कोई सूची विशेष रूप से पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के लिए अलग कागज पर या पंजी में बनाई गई है?	हां / नहीं		
कम से कम दो शिशुओं के संबंध में निम्नानुसार अवलोकन करें	शिशु 1	शिशु 2	शिशु 3
क्या शिशु को डी.पी.टी. का टीका जांघ के बाहरी हिस्से में दिया गया?	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
क्या जिस शिशु को खसरे का टीका दिया गया उसे विटामिन ए भी दिया गया?	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
क्या ए.एन.एम. या किसी और ने बच्चे की माता या बच्चे को लाने वाले व्यक्ति को निम्नानुसार संदेश दिये?		हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
बच्चे को कौन सा टीका लगाया गया	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
यदि बच्चे को सूजन या बुखार हो तो क्या करना चाहिए	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
अगले टीके के लिए कब आना है	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
टीकाकरण कार्ड साथ में लाना है	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
क्या बच्चे का टीकाकरण कार्ड भरा हुआ था	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं

टीका लगवाने वाले कम से कम दो शिशुओं की माताओं या शिशु को लाने वाले व्यक्तियों से निम्नानुसार प्रश्न पूछें			
क्या आज कोई आपको बुलाने के लिए आया था?	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
क्या मैं आपका टीकाकरण कार्ड देख सकती हूँ?	देखा/नहीं देखा	देखा/नहीं देखा	देखा/नहीं देखा
आपके शिशु को कौन सा टीका लगा?	पता है/नहीं पता है	पता है/नहीं पता है	पता है/नहीं पता है
क्या आपको बताया गया कि अगला टीका लगवाने के लिए कब आना है?	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं
यदि आज रात में आपके बच्चे को बुखार आया तो आप क्या करेंगी?	पता है/नहीं पता है	पता है/नहीं पता है	पता है/नहीं पता है
किस उम्र तक आपके बच्चे को पूरे टीके लग जाने चाहिए?	पता है/नहीं पता है	पता है/नहीं पता है	पता है/नहीं पता है

पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस समाप्ति के बाद आंगनबाड़ी कार्यकार्ता एवं ए.एन.एम. के साथ बैठ कर आज अवलोकन किए गये बिन्दुओं, विशेष कर जिन बिन्दुओं में 'नहीं' में उत्तर मिला है उन बिन्दुओं की समीक्षा करें ।

आंगनबाड़ी ***कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम. के साथ चर्चा के बाद ऐसे बिन्दु या मुद्दे जिनका समाधान नहीं हो पाया है, को नीचे के खाली स्थान में लिखें जिन पर आगामी सेक्टर बैठक में चर्चा की जानी हो।***

ऐसे बिन्दु या मुद्दे जिन पर परियोजना अधिकारी या चिकित्सा अधिकारी के साथ चर्चा करनी हो को नीचे के खाली स्थान में लिखें।

पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस का अवलोकन करने के बाद अन्य भागों में जिन प्रश्नों पर (*) का निशान लगा है उन पर ध्यान दें।

ऐसे दिन जब पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस नहीं है, आंगनवाडी कार्यकर्ता के साथ कुछ समय बिताएं, जिस दौरान अन्य भागों में दिये गये प्रश्नों के आधार प्रश्न एवं अवलोकन करें

भाग 6 आंगनबाड़ी केन्द्र की स्वच्छता

	क्या देखना है	स्थिति	की गई कार्यवाही
अ	केन्द्र एवं आंगन की स्वच्छता		
ब	पेयजल की व्यवस्था		
स	खाना पकाने के बरतनों की स्वच्छता		
क	बच्चों की स्वच्छता		
ख	सेवा प्रदाताओं की स्वच्छता		
ग	बच्चों के बैठने की व्यवस्था		

भाग 7 उपस्थिति

हितग्राही	कुल पंजीयन	भेंट के समय कुल उपस्थिति
3 से 6 वर्ष के बच्चे		

आंगनबाड़ी ***कार्यकर्ता से निम्नलिखित प्रश्न पूछें–***

कौन कौन से बच्चे आज नहीं आये हैं? वे गांव के किस हिस्से में रहते हैं? वे क्यों नहीं आये हैं?

क्या वे कल आये थे? इनमें से कितने अधिकांश रूप से अनुपस्थित रहते हैं?

इसके आधार पर ऐसे परिवार की पहचान कर नोट करें, जिसे भेंट देना आवश्यक हो।

भाग 8शालापूर्व शिक्षा

1	क्या बच्चों ने आगंतुक के रूप में आपका स्वागत किया?	हां/नहीं
2	क्या बच्चों ने प्रार्थना / गीत गाया?	हां/नहीं
3	क्या शालापूर्व शिक्षा की गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान है?	हां/नहीं
4	आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पूछें या अवलोकन करें कि आज के लिए निर्धारित शालापूर्व गतिविधियां कार्यकर्ता के द्वारा संचालित की जा रही हैं?	हां/नहीं
5	आंगनवाडी कार्यकर्ता से पूछें कि क्या 4 वर्ष या उससे बडे कोई बच्चे हैं जो अभी भी–	हां/नहीं
	खुशी से केन्द्र पर नहीं आते	हां/नहीं
	अन्य बच्चों के साथ नहीं खेलते	हां/नहीं
	शौच या पेशाब आने पर नहीं बताते	हां/नहीं
	आसान कविताएं नहीं गाते	हां/नहीं
	माता पिता का नाम नहीं बता पाते	हां/नहीं
	कहानियां सुनना पसन्द नहीं करते	हां/नहीं

	रंग नहीं पहचान पाते	हां/नहीं

यदि उपरोक्त में कमांक 5 में से किसी भी प्रश्न का उत्तर हां में है तो व्यक्तिगत रूप से उस बच्चे से मिलें और बात करे। यदि आपको लगता है कि उस बच्चे के साथ कुछ समस्या है तो उसके परिवार को भेंट दें।

भाग 9 पूरक पोषण आहार

	अवलोकन बिन्दु	स्थिति
1	खाद्यान्न का रखरखाव	
2	खाद्यान्न की गुणवत्ता	
3	रेकॉर्ड के अनुसार भौतिक सत्यापन	
4	निर्धारित मेनू का पालन किया जा रहा है?	
5	पकाने की व्यवस्था	
6	उपस्थिति के अनुसार पकाई गई मात्रा	
7	वितरण की व्यवस्था एवं समय	
8	सूखा राशन वितरण, उपस्थिति और मात्रा	
9	हितग्राहियों का सत्यापन	
10	आगामी पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के लिए खाद्यान्न की उपलब्धता	

यदि उपरोक्त में से किसी बिन्दु पर आगामी सेक्टर बैठक में पुनः चर्चा की आवश्यकता है तो इस प्रपत्र के अन्त में दिये गये स्थान में उस बिन्दु को नोट करें।

भाग 10 संसाधन

निम्नानुसार संसाधनों का अवलोकन करें–

संसाधन	उपलब्ध है?	क्या संसाधन चालू हालत में है?	क्या गलत है? क्या किया जाना आवश्यक है?
बच्चो का वजन लेने वाली मशीन	हां/नहीं	हां/नहीं	
नवजात शिशुओं का वजन लेने वाली मशीन	हां/नहीं	हां/नहीं	
महिलाओं का वजन लेने वाली मशीन	हां/नहीं	हां/नहीं	
स्वास्थ्य शिक्षा हेतु सामग्री	हां/नहीं	हां/नहीं	

पकाने के लिए बरतन	हां/नहीं	हां/नहीं	
नाप लेने के लिए बरतन	हां/नहीं	हां/नहीं	
शालापूर्व शिक्षा के लिए सामग्री	हां/नहीं	हां/नहीं	

यदि उपरोक्त में से किसी बिन्दु पर पुनः चर्चा आवश्यक है तो प्रपत्र के अन्त में दिये गये स्थान में नोट करें।

भाग 11 अन्य सामग्रियों की उपलब्धता

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्रत्येक सामग्री के बारे में पूछें एवं आवश्यकता हो तो गिनती करें।

	पर्याप्त है?	नोट
आयरन की बडी गोली	हां/नहीं	
आयरन की छोटी गोली	हां/नहीं	
विटामिन ए	हां/नहीं	
जीवन रक्षक घोल	हां/नहीं	
कृमिनाशक दवा	हां/नहीं	
क्लोरोक्वीन	हां/नहीं	
आंखों के लिए दवा	हां/नहीं	
निरोध	हां/नहीं	
गर्भनिरोधक गोलियां	हां/नहीं	
वृध्दि चार्ट	हां/नहीं	
बुखार की दवा	हां/नहीं	

यदि उपरोक्त में से किसी सामग्री की उपलब्धता में कोई परेशानी है तो प्रपत्र के अन्त में दिये गये स्थान में इसे नोट करें।

भाग 12 पंजियों का रख रखाव

प्रत्येक भेंट के समय प्रत्येक पंजी एवं वृध्दि चार्ट का अवलोकन करें। कोई पंजी उपलब्ध न हो तो नोट करें। 'आवश्यक अवलोकन बिन्दु' का उपयोग कर पंजियों के रखरखाव की गुणवत्ता जानने का प्रयास करें। विस्तार से किए जाने वाला यह कार्य वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य करें।

पंजी	देखी	*आवश्यक अवलोकन बिन्दु*
गर्भवती माताओं की पंजी	हां /नहीं	क्या दिनांक के कॉलम में दिनांक लिखे हुए हैं? क्या पंजीकरण दिनांक के अनुसार कम में गर्भवती माताओं के नाम लिखे हुए हैं? अन्तिम गर्भवती महिला का पंजीयन कब हुआ था? क्या यह सही समय पर हुआ था? क्या प्रसव के दिनांक लिखे जा रहे हैं? क्या गांव की लडकियां जो प्रसव के लिए मायके आई हुई हैं, उनके नाम पंजी में लिखे

		गये हैं?
टीकाकरण पंजी	हां /नहीं	क्या दिनांक के कॉलम में दिनांक लिखे हुए हैं? क्या बच्चों के नाम जन्म तिथि के अनुसार लिखे गये है? क्या गर्भवती पंजी के अनुसार जो अंतिम प्रसव हुआ है उसका पंजीकरण इस पंजी में हुआ है? क्या आप अंतिम पोषण एवं स्वास्थ्य दिवय की तारीख इस पंजी में देख सकते हैं? क्या विटामिन ए की दूसरी और उसके बाद की खुराक इन्द्राज की जा रही है? क्या गांव की बेटियो के बच्चे जो इस गांव में पैदा हुए हैं, उनके नाम इस पंजी में हैं?
वृध्दि चार्ट	हां /नहीं	क्या वजन का दिनांक एवं ग्राम में वजन की मात्रा लिखी जा रही है? क्या इसके अनुसार बिन्दु लगाये जा रहे हैं? 4–5 बच्चों का वजन जांच कर देखें कि पंजी में दर्शाया गया वजन सही तरीके से दर्शाया गया है या नहीं? 2–3 बच्चों का वजन कर देखें कि क्या कुछ समय पूर्व लिए गए एवं आज लिए गये वजन में समानता है?
गृहभेंट पंजी	हां /नहीं	क्या वर्तमान में आवश्यक यथा– नवजात शिशु, शीघ्र ही प्रसव अपेक्षित गर्भवती, अभी अभी 6 माह पूरे किए हुए शिशु, गंभीर कुपोषित बच्चे, गृहभेंट का इन्द्राज पंजी में किया गया है? क्या इस संबंध में आवश्यक जानकारियां दर्ज की गई हैं?
सर्वे पंजी	हां /नहीं	पंजी अन्त में कब अद्यतन की गई थी? क्या गर्भवती पंजी के अनुसार जो अंतिम प्रसव हुआ है उसे इस पंजी में दर्ज किया गया है?

यदि आप ने विस्तार से इन पंजियों का अवलोकन किया है तो अपने अवलोकन बिन्दु नीचे के खाली स्थान में लिखें एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता को उसकी त्रुटियां सुधारने में सहायता करें। इसके साथ ही बार बार होने वाली गलतियों को प्रपत्र के अन्त में दिये हुए स्थान में नोट करें ताकि इन पर आगामी सेक्टर बैठक में चर्चा की जा सके।

भाग 13 अलग अलग महिलाओं एवं शिशुओं की प्रगति

यदि आपने इस आंगनवाडी केन्द्र का पिछले माह का समीक्षा प्रपत्र अपने साथ लाया है तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ उसकी समीक्षा करे, जिसके लिए नीचे मार्गदर्शन हेतु कुछ बिन्दु दिये गये हैं। यदि समीक्षा प्रपत्र नहीं लाया है तो चर्चा करते हुए एक खाली प्रपत्र आंगनवाडी कार्यकर्ता से भरवायें।

- समीक्षा प्रपत्र में प्रत्येक सूचकांक के लिए जो संख्याएं दी गई हैं उनके विरूध्द हितग्राहियों के नाम पूछ कर उनकी पहचान करें एवं उनसे संबंधित स्वास्थ्य, पोषण या विकास संबंधी समस्याओं की पहचान करें ।
- आंगनवाडी कार्यकर्ता से पूछें कि यह समीक्षा प्रपत्र जमा करने के बाद से क्या कोई जन्म हुआ है? यदि हुआ है तो कार्यकर्ता ने जन्म के दिन वहां गृहभेंट की है? यदि कोई समस्याएं हों तो जानने का प्रयास करें।
- समीक्षा प्रपत्र जमा करने के बाद से यदि कोई मृत्यु हुई हो तो उसके बारे में जानने का प्रयास करें।

- गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के बारे में जानकारी लें। क्या कोई ऐसा बच्चा है जिसका वजन अभी अभी में अप्रत्याशित रूप से कम हुआ है? या कोई बच्चा गंभीर रूप से बीमार हुआ था?
- गर्भावस्था की अंतिम तिमाही में चल रही ऐसी गर्भवती के बारे मे पूछें जिसे कोई समस्या हो। गंभीर रूप से खून की कमी या अचानक हाथों या चेहरे पर सूजन के लक्षण दिखाई देने वाली कोई महिला यदि हो तो पूछें।

उपरोक्त बिन्दुओं पर कम से कम 20 मिनट तक चर्चा करें। इस चर्चा के आधार पर 5 परिवारों का चयन गृहभेंट हेतु करें, विशेष रूप से नीचे दिये गये वर्गों में से चयन करें।

गृहभेंट पूरी हो जाने के बाद आंगनवाडी कार्यकर्ता को निम्नलिखित के संबंध में निर्देश देवें–

- ***जिन परिवारों को आप भेंट नहीं दे पाई, उनके लिए आंगनवाडी कार्यकर्ता क्या कर सकती है।***
- ***जिन परिवारों को आपने भेंट दी है उन्हें पुनः भेंट दे कर आंगनवाडी कार्यकर्ता क्या कर सकती है।***

निम्नलिखित प्रश्न पर्यवेक्षक के लिए सुलभ सन्दर्भ के रूप में दिये गये है। ध्यान दें कि कार्यकर्ता द्वारा सभी प्रश्न या बिन्दुओं पर बात की गई है। यदि कुछ छूट जावे तो उसे याद दिलावें। यदि कार्यकर्ता व्यवस्थित ढंग से न बता पा रही हो तो पर्यवेक्षक स्वयं बताएं।

गृहभेंट के दौरान पूछे जा सकने योग्य मार्गदर्शी प्रश्न
वर्ग 1– ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव आगामी माह में अपेक्षित है
क्या संबंधित परिवार ने संस्थागत प्रसव के बारे में योजना बनाई है?
क्या परिवार घर पर ही स्वच्छता पूर्वक प्रसव कराने की तैयारी कर चुका है? पूछें–
अ. क्या आपने नए ब्लेड और धागे की व्यवस्था कर ली है?
ब. क्या आपने साफ कपडे तैयार रखे हैं?
स. क्या आपने प्रसव कराने के लिए दाई की पहचान कर ली है? क्या वह प्रशिक्षित है?
द. आपात काल में किस अस्पताल में जाना है क्या इसकी पहचान आपने कर ली है?
क्या परिवार नवजात की तत्काल देखभाल के लिए तैयारी कर चुका है? पूछें–
अ. जन्म के बाद बच्चे को साफ करने के लिए आप क्या करेंगे? जन्म के बाद आप बच्चे को आप कब पोछेंगे?
ब. जन्म के बाद आप शिशु को पहली बार मां की छाती से कब लगायेंगे?
स. नाल काटने के बाद क्या आप उस पर कुछ लगायेंगे?
क्या मां को टी.टी. का टीका लग चुका है? क्या मां में खून की कमी है?
क्या आपके पास टीकाकरण कार्ड है? क्या आपको कभी कोई कार्ड दिया गया था? यदि कार्ड है तो उसकी जांच करें।
आंगनवाडी कार्यकर्ता अन्तिम बार आपके घर कब आई थी? उस समय उसने आपसे किस बारे में बात की थी?
ए.एन.एम. अन्तिम बार आपके घर कब आई थी? उस समय उसने आपसे किस बारे में बात की थी?

वर्ग 2 –नवजात शिशु
क्या शिशु ठीक से दूध पी रहा है? क्या आप उसे मां के दूध के अलावा कुछ दे रहे हैं?
आपने नवजात शिशु को पहली बार सूखा करने के लिए कब पोंछा था? आपने शिशु को सबसे पहले साफ कपडे में कब लपेटा था?
आपने शिशु को पहली बार दूध कब पिलाया था?
स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए आप क्या कर रहे हैं?
आपने जन्म के बाद और पहले सप्ताह में नाल पर क्या लगाया था?
यह सब करने के लिए आपको किसने सलाह दी थी?

क्या प्रसव अपेक्षित समय से पहले हो गया? कितने समय पहले? जन्म के समय शिशु का वजन क्या था?
यदि शिशु कमजोर है तो स्तनपान का अवलोकन करें और आवश्यकतानुसार सलाह दें। नाल की जांच भी करें।
यदि शिशु कमजोर है तो पूछें कि क्या किसी ने आपको बताया था कि आपका बच्चा कमजोर है?
प्रसव के बाद आंगनवाडी कार्यकर्ता आपसे पहली बार कब मिली थी? क्या वह प्रसव के समय उपस्थित थी? उसने आपसे किस बारे में बात की?
प्रसव के बाद ए.एन.एम. आपसे पहली बार कब मिली थी? क्या वह प्रसव के समय उपस्थित थी? उसने आपसे किस बारे में बात की?

वर्ग 3 – 4 से 5 माह के शिशु
क्या आपके पास टीकाकरण कार्ड है? क्या आपको कभी कोई कार्ड दिया गया था?क्या मैं इसे देख सकती हूँ?
क्या टीकाकरण दिवस के लिए कोई आपको बुलाने आता है?
क्या आपको पता है कि ए.एन.एम. टीका लगाने के लिए गांव में किस दिन आती है?
पिछले 24 घण्टों में आपने अपने बच्चे को क्या क्या दिया है? मां का दूध, जानवर का दूध, पावडर वाला दूध, पानी, खाने के लिए कुछ, दवाई?
क्या किसी ने आपसे इस बारे में बात की है कि आपने अपने बच्चे को क्या खिलाना चाहिये?

वर्ग 4 – 6 से 8 माह के शिशु
क्या आप बच्चे को मां के दूध के अलावा कुछ और दे रहे हैं?
अपने दूध के अलावा आपने सुबह से बच्चे को और क्या खिलाया है? कल दिन भर में क्या खिलाया था? हर बार कितनी मात्रा में? माता से कहिए कि यदि कुछ बचा हुआ खाना है तो उस ले कर आपको बताए कि बच्चे को कितना खिलाया था? या फिर कटोरी में पानी भर कर भी वह बता सकती है कि उसने कितनी मात्रा बच्चे को खाने के लिए दी थी।
क्या आपने खाने में घी या तेल मिलाया था?
क्या आपने शिशु के खाने में सब्जियां या दाल मिलाई थी?
क्या पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह शिशु अधिक खा रहा है?
क्या किसी ने आ कर आपको सलाह दी कि शिशु को क्या खिलाना चाहिये? आंगनवाडी कार्यकर्ता पिछली बार आपके घर कब आई थी? क्या ए.एन.एम. ने बच्चे के खानपान के बारे में आपसे कोई बात की है?
बच्चे का नाम ले कर पूछें कि क्या बच्चा कुछ दिनों पूर्व बीमार पडा था?जैसे दस्त या बुखार। क्या हुआ था? यह बीमारी कितने दिनों तक चली थी? बच्चे का नाम ले कर पूछें कि क्या अब वह ठीक है? बच्चे का नाम ले कर पूछें कि वह बीमारी के बाद क्या खा रहा था?

वर्ग 5 – 9 से 18 माह के शिशु
क्या आप बच्चे को मां के दूध के अलावा कुछ और दे रहे हैं?
अपने दूध के अलावा आपने सुबह से बच्चे को और क्या खिलाया है? कल दिन भर में क्या खिलाया था? हर बार कितनी मात्रा में? माता से कहिए कि यदि कुछ बचा हुआ खाना है तो उस ले कर आपको बताए कि बच्चे को कितना खिलाया था? या फिर कटोरी में पानी भर कर भी वह बता सकती है कि उसने कितनी मात्रा बच्चे को खाने के लिए दी थी।
क्या आपने खाने में घी या तेल मिलाया था?
क्या आपने शिशु के खाने में सब्जियां या दाल मिलाई थी?
जब से आपने अपने बच्चे को खिलाना शुरू किया है तब से क्या आप उसे बढती मात्रा में खाना दे रही है?
क्या किसी ने आ कर आपको सलाह दी कि शिशु को क्या खिलाना चाहिये?
आंगनवाडी कार्यकर्ता पिछली बार आपके घर कब आई थी?
क्या ए.एन.एम. ने बच्चे के खानपान के बारे में आपसे कोई बात की है?
बच्चे का नाम ले कर पूछें कि क्या बच्चा कुछ दिनों पूर्व बीमार पडा था?जैसे दस्त या बुखार। क्या हुआ था? यह बीमारी कितने दिनों तक चली थी? बच्चे का नाम ले कर पूछें कि क्या अब वह ठीक है? बच्चे का नाम ले कर पूछें कि वह

बीमारी के बाद क्या खा रहा था?
क्या बच्चे को खसरे का टीका लगा है?
क्या बच्चे को विटामिन ए पिलाया गया है?
टीकाकरण कार्ड की जांच करें।
वर्ग 6 – गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे
क्या बच्चे की तबीयत ठीक नहीं है? क्या लक्षण दिख रहे हैं? कब से? कुछ ईलाज कराया?
क्या बच्चा ठीक से खा रहा है? यदि नही तो कबसे?
बच्चे को आज खाने के लिए क्या दिया गया? कल क्या दिया गया था? कितनी मात्रा में? किसने दिया था?
बच्चे को दिखाने के लिए कहें। किसी बीमारी के लक्षणों को देखने का प्रयास करें। बच्चे की सक्रियता एवं भूख के बारे में जानने का प्रयास करें।
वर्ग 7 – आंगनवाडी में बच्चों का अवलोकन करते समय जो बच्चे सामान्य रूप से विकास नहीं कर रहे हैं उनके नाम नोट किए थे। अब उनके घर भेंट देना है।
शिशु विकास के सामान्य अवस्थाओं के बारे में पूछताछ करें – बच्चे ने बैठना, चलना, चढना, सामान्य शब्द बोलना, सामान्य वाक्य बोलना, हंसना, लोगों में घुलना मिलना, गिनती करना, रंगों को पहचानना, आकार पहचानना कब शुरू किया।
घर पर बच्चे के साथ सबसे अधिक समय कौन व्यतीत करता है? क्या बच्चे से बात की जाती है या उसे गाना सुनाया जाता है? क्या वे सामान्य खिलौने ले कर बच्चे के साथ खेलते हैं?

आंगनवाडी भेंट के अन्त में इस प्रपत्र की समीक्षा करें एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता को आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश देवें।

- ***आंगनवाडी कार्यकर्ता को बतावें कि वह अच्छा काम कर रही है और आप उसके कार्य की प्रशंसा करती है।***
- ***आंगनवाडी कार्यकर्ता को यह भी बतावें कि कहां कहां पर त्रुटियां हैं एवं इन्हें दूर करने के लिए वह क्या कर सकती है।***

इस भेंट के आधार पर उन मुद्दों की सूची बनावें जिन पर विकासखण्ड स्तर पर चर्चा करनी है।

इस भेंट के आधार पर उन मुद्दों की सूची बनावें जिन पर आगामी सेक्टर बैठक में चर्चा करनी है।

.....

पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर